# कलेक्टर ने मिशन वात्सल्य , पोषण समिति एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य की संयुक्त बैठक में समीक्षा की

**आलीराजपुर** । जिस तरह घर निर्माण के वक्त उसकी नींव को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाता है उसी तरह बेहतर पोषण से गर्भवती माता ,धात्री माताएं , छोटे बच?चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक सुधार में ध्यान देना अति आवश्यक है , बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य , पोषण और प्रारंभिक शिक्षा देकर जिले के बच्चों का विकास करना ही जिला प्रशासन का मूल उद्देश्य है ,यह बात कलेक्टर नीतू माथुर ने बैठक के दौरान कही ।बैठक के दौरान माथुर ने पोर्टल पर कुषोषण से ग्रसित महिलाओं एवं बच?चों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम के माध्यम से आंगनवाडी केंद्रों की निगरानी रखी जा रही है , आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा फोन या वीडियो कॉल रिसीव नहीं करने की स्थिति में उनके वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी ।

कुपोषण से संबंधित पोर्टल पर दर्ज प्रविष्ठियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि समस्त सीडीपीओ एवं सुपरवाईजर द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में भ्रमण नहीं किया जा रहा है ना ही समय पर आंगनवाडी केन्द्र को खोला जा रहा । उन्होंने समस्त सीडीपीओ को निर्देशित करते हुए आगामी 1 सप्ताह के भीतर कार्य में सुधार नहीं किया गया तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी ।

उन्होंने समस्त सुपरवाईजरों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी दिनों में अगर आंगनवाडी केन्द्रों पर गरम नाश्ता ओर मेन्यू अनुसार भोजन नही देने पर , आंगनवाडी केन्द्र पर कम उपस्थिति होना पाया गया तो जवाबदेही तय कर कार्यकर्ता , सहायिका और समूह के खिलाफ पृथक पृथक कार्यवाही जिला स्तर से की जाएगी । इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले की प्रत्येक विकासखंड में 20-20 आदर्श आंगनवाडी केन्द्र स्थापित करें ।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर गर्भवती महिलाओं , धात्री महिलाएं एवं




कुपोषित बच्चों को पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत करें समय समय पर फॉलोअप करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए । इस दौरान मिशन वात्सल्य एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम की भी समीक्षा की समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोविड 19 में बेसहारा हुए बच?चों को सहयोग राशि के लिए वरिष्ठ अधिकारी को पत्र व्यवहार कर बजट की मांग करें । उन्होंने इस संयुक्त दल की बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि जिले की शैक्षणिक संस्थाओं में बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी देने और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अधिक से अधिक कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए । इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अमले को निर्देशित करते हुए कहा आशा कार्यकर्ता के माध्यम से अधिक से अधिक सिकलसेल मित्र बनाने का प्रयास करें , समय समय पर आंगनवाडी केंद्रों पर गर्भवती महिला या एनीमिक महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए एनिमिक सिरप देना सुनिश्चित करें।

इस दौरान उन्होंने समस्त उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराते हुए कहा जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत जिन युवाओं की आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे अपने नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म-6 तथा घोषणा पत्र भरकर बी.एल.ओ. को सौंप सकते हैं। इसके साथ ही जिन नागरिकों का नाम वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे भी फार्म-6 के माध्यम से अपना नाम शामिल करवा सकते हैं। इस दौरान कार्य में लापरवाही बरतने पर उदयगढ एवं कट्ठीवाड़ा सीडीपीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए । आगामी 1 सप्ताह में कार्य में सुधार न होने पर संबंधित सुपरवाईजरों के वेतन काटने के निर्देश निर्देश दिए ।

इस बैठक में महिला एवं बाल विकास ,स्वास्थ्य विभाग ,पुलिस विभाग सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं सीडीपीओ सहित सुपरवाइजर उपस्थित थे ।

## एक नजर में

### प्रभारी मंत्री उइके का मिनट टू मिनट दौरा कार्यक्रम

**आलीराजपुर** ।कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिले की प्रभारी मंत्री संपतिया उईके दिनांक 13 दिसंबर शनिवार को आलीराजपुर जिले के प्रवास पर रहेगी।प्रभारी मंत्री उइके प्रात: 11 बजे झाबुआ से आलीराजपुर के लिए प्रस्थान करेगी।आलीराजपुर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में भाग लेगी।बैठक के पश्चात कैबिनेट मंत्री श्रीमती उईके जिले के पत्रकार बंधुओं के साथ प्रेस वार्ता करेगी ।शाम 4:00 आलीराजपुर से इंदौर के लिए प्रस्थान करेगी ।

### जिले के मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का किया जाएगा वाचन

**आलीराजपुर** । अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तपीस पांडे द्वारा बताया कि 13 दिसंबर 2025 को प्रात:: 11 बजे से बी.एल.ओ. एवं सुपरवाइजर द्वारा मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का वाचन किया जाएगा।शासन के निर्देशानुसार समस्त बीएलओ को अनकलेक्टेबल गणना पत्रक के वाहन का प्रशिक्षण कलेक्टर सभाकक्ष में दिया गया ।इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अनकलेक्टेबल गणना पत्रक की सूची जिसमें मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित एवं रिपीटेड मतदाता शामिल व्यक्तियों के नाम का वाचन किया जाएगा।इसके साथ ही नो मैपिंग मतदाताओं की सूची का भी वाचन किया गया ।वाचन उपरांत यदि किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक हो तो बी.एल.ए., सहयोगी टीम एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि इस संबंध में बी.एल.ओ. को अवगत करा सकेंगे।ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न हो।इस दौरान उन्होंने बताया कि जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत जिन युवाओं की आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे अपने नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म-6 तथा घोषणा पत्र भरकर बी.एल.ओ. को सौंप सकते हैं।इसके साथ ही जिन नागरिकों का नाम वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे भी फार्म-6 के माध्यम से अपना नाम शामिल करवा सकते हैं।

### विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया



**आलीराजपुर** ।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरवा अलीराजपुर के 94 विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, आलीराजपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया गया।संस्था के व्याख्याताओं द्वारा छात्र/छात्राओं को संस्था में संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई एवं प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया।साथ ही छात्र/छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के महत्व , करियर मार्गदर्शन,प्रवेश प्रक्रिया एवं संस्था में लागू शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।उक्त जानकारी प्राचार्य द्वारा दी गई ।

### पुलिस में भ्रष्टाचार का मामला : वायरल वीडियो पर त्वरित कार्रवाई, एसपी ने प्रधान आरक्षक को निलंबित किया



**आलीराजपुर** ।पुलिस विभाग की छवि पर रिश्वत खोरी का कलंक लगाने वाले प्रधान आरक्षक को एस पी रघुवंश सिंह भदौरिया ने तत्काल निलंबित कर दिया है।सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने चौकी उमराली के कार्यवाहक प्रधान आरक्षक (क्रमांक 83) मनोहर जाटव को रिश्वत लेते हुए उजागर कर दिया।

### वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के नवीन कार्यालय का शासकीय कन्या उमा विद्यालय के सामने उद्घाटन



**झाबुआ** ।वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के नवीन कार्यालय का उद्घाटन एसोसिएशन की महिला प्रकोष्ठ की प्रांताध्यक्ष एवं संगठन जिलाध्यक्ष शांति वसुनिया के मार्गदर्शन में बस स्टैंड के पास शासकीय कन्या उमा विद्यालय के सामने 12 दिसंबर, शुक्रवार को किया गया। जिसका समय प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 5 बजे तक रहेगा। जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला सचिव भेरूसिंह सोलंकी ने बताया कि कार्यालय पर निर्धारित समय पर एसोसिएशन के पदाधिकारी-सदस्य जिले के वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित रहेंगे।वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनर्स निर्धारित समय पर आकर संपर्क कर सकते है।एसोसिएशन के कार्यालय उद्घाटन अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिला संरक्षक रतनसिंह राठौर, जिला संरक्षक बालमुकुंदसिंह चौहान, प्रांतीय सचिव एवं जिला कार्यकारी अध्यक्ष रूपसिंह खपेड़, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला सचिव भेरूसिंह सोलंकी, जिला मुख्य परामर्दता फतेहलाल वसुनिया, जिला कोषाध्यक्ष हीरालाल लाखेरी एवं जिला उपाध्यक्ष कालूसिंह परमार आदि उपस्थित रहे।

# धर्म परिवर्तन व प्रलोभन मामले में फरार आरोपी तेरसिंह इंदौर से गिरफ्तार

**नानपुर पुलिस की बड़ी सफलता**

**आलीराजपुर, - मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल आलीराजपुर जिले में धर्म परिवर्तन और आर्थिक धोखाधड़ी के गंभीर मामलों में पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। थाना नानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम घटवानी में प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने और धोखाधड़ी के दो मामलों में फरार चल रहे मुख्य आरोपी तेरसिंह पिता खजानसिंह अवासिया (निवासी खट्टाली तिराहा, नानपुर) को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार कर लिया।यह कार्रवाई मुखबीर की सूचना पर इंदौर साइबर टीम के सहयोग से की गई।**

गिरफ्तारी में थाना प्रभारी नानपुर निरीक्षक राजेश डावर, सउनि दिनेश अवासिया, सउनि सेनचा, प्रआर सुरेश कन्नौजे, आर धनसिंह, आर बलवंत तथा साइबर सेल के प्रआर दिलीप एवं प्रमोद की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर ने टीम की प्रशंसा करते हुए कहा, 'ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति है। आदिवासी क्षेत्रों में प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन की कोशिशें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।'




**मामले का विवरण : दो अपराधों में वांछित था**

अपराध क्रमांक 262/2025: धारा 196(1), 299, 351(3) बीएनएस तथा धारा 5 मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 (प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन)।

अपराध क्रमांक 268/2025: धारा 318(4), 316(2), 351(3) बीएनएस तथा धारा 5 मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम (आर्थिक धोखाधड़ी सहित प्रलोभन)।

आरोपी घटना के बाद से फरार था और इंदौर में छिपा हुआ था। नानपुर पुलिस की विशेष टीम ने तकनीकी सहायता से उसकी लोकेशन ट्रेस की और धर दबोचा।

## अतिथि एवं वक्ताओं ने रखे अपने-अपने विचार


**झाबुआ।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग के मोजीपाड़ा स्थित कार्यालय पर पैरालिगल वॉलेंटियर्स एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी-सदस्य एकत्रित हुए और विश्व मानवाधिकार दिवस पर अपने-अपने विचार और बाते रखी। आवश्यक सुझाव भी दिए गए। पैरालिगल वालेंटियर्स के साथ आयोग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक बलसोरा, वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एमएल फूलपगारे, पीडी रायपुरिया, अनुभव, कुलदीपसिंह पंवार, रंजीव सीनम, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अन्नू भाबोर, सविता गुप्ता, पूजा माथुर सहित पीएलवी उपस्थित थे।

# कांग्रेस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**झाबुआ।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं मप्र कांग्रेस की नवनियुक्त सह प्रभारी तथा आंध्रप्रदेश की कांग्रेस नेता उषा नायडू की उपस्थिति में समन्वय समिति की बैठक रिसोर्ट हाल में आयोजित की गई। बैठक में समन्वय समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।




वरिष्ठ कांग्रेस नेता उषा नायडू के जिले में प्रथम आगमन पर उनका स्वागत किया गया। पश्चात् बैठक में पार्टी संगठन की मजबूती के साथ एसआईआर प्रकिया के संबंध में विचार विमर्श हुआ। जिसमें मतदाता सूची में त्रुटियों मे सुधार, नए मतदाताओं का पंजीकरण, मतदाताओं की शिकायतें एसआईआर प्रकिया की पारदर्शिता पर चर्चा की गई। वही पार्टी द्वारा जिले के 981 बुथों पर नियुक्त किए गए बीएलए की ब्लॉक वार समीक्षा बैठकें आयोजित करने और उन्हें प्रशिक्षित करने पर भी कांग्रेस पदाधिकारीओ ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी उषा नायडू ने अपने संबोधन में पार्टी को मजबूत बनाने एवं पार्टी में युवाओं को अधिकाधिक जवाबदारी देकर उन्हें क्षेत्र में पार्टी की रीती-नीतियों से आमजन को अवगत करने का जिम्मेदारी सौंपने, समस्त मोर्चा संगठनों को सक्रिय करने, पार्टी द्वारा नियुक्त किए गए बीएलए को एसआईआर प्रक्रिया के दौरान दूसरे फेस के कार्यक्रम, जो अत्यंत महत्वपूर्ण है, दावे आपत्तियों में महती भूमिका का निर्वाह करने का आव्हान किया ।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने करते हुए कहा कि शीघ्र ही समस्त बीएलए की समीक्षा बैठक आयोजित कर उन्हें आगामी 14 फरवरी से दावे आपत्तियो में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जवाबदारियां सौंपी जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव निर्मल मेहता, जिला कांग्रेस प्रभारी अमन बजाज, रवि अष्ठाना, थांदला विधायक वीरसिंह भूरिया, पूर्व विधायक जेवियर मेड़ा, वालसिंह मेडा, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनल जसंवतसिंह भाबोर, जिपं उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष अकमाल मालू डामोर, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।इस अवसर पर समन्वय समिति के सदस्यगण, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नटवरसिंह डोडियार, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नरवेश अमलियार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मेघनगर यामिन शेख, झाबुआ काना गुंडिया, सुरेंद्र गरवाल चेनसिंह डामोर, विकास रावत, गुलसिंह, वसुनिया, जितेन्द्र राठौर आदि थे।



# कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने किया विद्युत डीपी का लोकार्पण

**आलीराजपुर।** केंद्र की नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश में डॉ .मोहन ी यादव यादव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार गांव के विकास की ओर निरंतर ध्यान देते हुए विकास की गाथा लिख रही है।गांव समृद्ध होंगे तो जिला और प्रदेश भी समृद्ध होगा, जिसके लिए गांव में बेहतर सड़क, शिक्षा, चिकित्सा से लेकर विद्युत व्यवस्था बेहतर करने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है।एक समय था जब कांग्रेस के राज में गांव तो ठीक जिला स्तर पर भी बिजली नहीं आती थी, लेकिन प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद हमने युद्ध स्तर पर काम करते हुए गांव गांव तक बिजली पहुंचाने का काम किया। उक्त वक्तव्य कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने ग्राम भांडारावत के इमली फलिया में 7,30,830 की लागत से लगाई जा रही विद्युत डीपी के उद्घाटन के अवसर पर कही।

कैबिनेट मंत्री चौहान ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे लगातार योजना बनाकर काम कर रहे हैं और इसी का परिणाम है की बिना पक्षपात किए पूरे जिले में, मैं क्षेत्रवार विद्युत ग्रिड लगवा रहा हु, ताकि विद्युत समस्या का स्थाई हल हो सके और किसानों को खेती किसानी में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सरपंच सहित कई जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता द्वारा दी गई।

**एक नजर** — भाजयुमो के नवीन प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का भाजयुमो जिला इकाई ने जिले की संस्कृति के अनुरूप किया अभिनंदन

# भोपाल पहुंचकर पुष्पमालाओं से स्वागत कर आदिवासी गुडिया भेंट की

**झाबुआ। भारतीय जनता युवा मोर्चा मप्र के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने भोपाल में भाजपा प्रदेश कार्यालय पर पद की शपथ ली एवं गरिमामय समारोह का आयोजन हुआ।**

जानकारी देते हुए भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेशभर से जिले के पदाधिकारी-कार्यकर्ता समारोह में सम्मिलित हुए। झाबुआ जिले से भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष अतुल चौहान, जिला मंत्री महेन्द्र च्रंदावत, जिला कार्यालय मंत्री मजेसिंह मखोड़िया, झाबुआ विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी रविन्द्र भूरा, काकनवानी मंडल अध्यक्ष मसूल निनामा,



रानापुर मंडल अध्यक्ष विश्वास जैन, बोरी मंडल महामंत्री विवेक अजनार, पवन परमार, कापसिंह भूरिया, प्रताप कटारा, प्रफूल दामनिया, बालू डामोर आदि शामिल हुए।

युवा मोर्चा के उक्त पदाधिकारी-सदस्यों ने संगठन के नवीन प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का पुष्पमाला पहनाकर जिले की आदिवासी संस्कृति के अनुरूप गुड़िया भेंट की। सभी ने ढोल-मांदल के साथ नवीन प्रदेश अध्यक्ष श्री टेलर को शुभकामनाएं प्रेषित की। नवीन प्रदेशाध्यक्ष ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान एवं युवा मोर्चा के अन्य पदाधिकारियों से संगठन की आगामी गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के संबंध में भी चर्चा की।



# सर्व हिन्दू समाज ने रामपाल के अनुयायियों को किया पुलिस के हवाले

**पारा** .गुरुवार को नगर के हाट बाजार मे हिसार वाले बाबा रामपाल के अनुयायी ज्ञान गंगा और गीता तेरा ज्ञान अमृत पुस्तक के माध्यम से सर्व हिन्दू समाज को भर्मित कर धर्म का प्रचार कर रहे थे, जिसकी सुचना मिलते ही सर्व हिन्दू समाज के लोगों ने तत्काल इकट्ठा होकर प्रचार करने वाले अनुयायियों को पकड़ा और पारा पुलिस के हवाले किया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरवार को पारा नगर मे लगने वाले हाट बाजार में हिसार हरियाणा के बाबा रामपाल के चार पांच अनुयायी रामपाल द्वारा लिखित पुस्तक ज्ञान गंगा व गीता तेरा ज्ञान अमृत के माध्यम से नि :शुल्क वितरण कर प्रचार प्रसार कर हिन्दूओ को भर्मित कर रहे थे द्य उक्त जानकारी हिन्दू समाज के कार्यकर्ताओ को लगी तो उन्होंने उक्त पुस्तक लेकर तत्काल उसका अध्ययन किया और पाया की उक्त दोनों पुस्तकों मे हिन्दू समाज के देवी देवताओं को लेकर कई अश्लील बाते लिखी हुई थी द्य जिसको लेकर हिन्दू समाज मे आक्रोश फेल गया व सर्व हिन्दू समाजजन तत्काल रामपाल के अनुयायीयों पकड़ कर पारा पुलिस चौकी लेगये व पुस्तकों मे छपी हुई हिन्दू समाज के विरुद्ध अभद्र और अश्लील बातो को लेकर चौकी प्रभारी पल्ल्वी भाभर को आवेदन देकर रामपाल बावा और उनके अनुयायीयों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की ।

चौकी प्रभारी ने तत्काल सभी अनुयायियों के पास से धर्म विरुद्ध सामग्री जप्त की व उनके पहचान पत्र आदि लेकर जाँच कर प्रकरण दर्ज कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया ।